प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

संख्याःप्राशिप/अनु०3/2021/ 3527 लखनऊः दिनांकः 9/08/2021

**विषयः- प्राविधिक शिक्षा परिषद् की आगामी सम-सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा-2021 को ऑनलाइन माध्यम से कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद् के पत्रांकः प्राशिप/अनु०3/2021/1355 लखनऊः दिनांकः22.06.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आप अवगत ही हैं कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत परिषद् द्वारा आयोजित आगामी सम-सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा-2021 में अध्यनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा दिनांकः 16.08.2021 से ऑनलाइन आयोजित होना प्रस्तावित हैं जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जा चुका है।

उक्त के क्रम में परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न कराये जाने हेतु प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ द्वारा बिन्दुवार नियम निर्धारित किये गए है जो कि निम्नलिखित हैं:-

1. यदि किसी छात्र/छात्रा के पास इन्टरनेट की सुविधा नहीं हैं तो वह परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व इन्टरनेट सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। जब आप परीक्षा दे रहे हैं तो किसी अन्य व्यक्ति को आपके परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि आपकी परीक्षा प्रोक्टर्ड (ऑनलाइन पर्यवेक्षक की देख-रेख में) होगी।

2. कमरे/परीक्षा स्थल में प्रकाश इतना उज्जवल होना चाहिए कि स्क्रीन पर आपका चेहरा स्पष्ट दिखाई दे तथा इसे "दिन के उजाले" के समान माना जा सके। ओवरहेड लाइटिंग को प्राथमिकता दी जाती हैं। यदि ओवरहेड लाइटिंग उपलब्ध नहीं हैं, तो प्रकाश का श्रोत आपके पीछे नहीं होना चाहिए। समस्त अध्यनरत छात्र/छात्राएं अपने घर अथवा साइबर कैफ़े अथवा अपने संस्थान में उपस्थित

PTO

होकर कैमरे वाला मोबाइल/लैपटॉप/कंप्यूटर इत्यादि के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं, जिसमे कैमरा एवं माइक्रोफोन होना अनिवार्य हैं अन्यथा छात्र ऑनलाइन परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर सकेगा|

3. आपको साफ़ कुर्सी, मेज पर बैठना चाहिए| आपकी डेस्क पर पुस्तक, कॉपी इत्यादि नहीं होना चाहिए| रफ़ कार्य हेतु सादा पेपर, पेन, पेंसिल, स्केल,इरेजर रख सकते हैं| आपकी डेस्क की स्थिति को प्रॉक्टर अवलोकन हेतु कह सकता हैं| आप द्वारा प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ के नियमानुसार ही नॉन प्रोग्रामेबल कैलकुलेटर प्रयोग किया जा सकता है, जिसको प्रॉक्टर देख सकता हैं|

4. आपके आस-पास की मेज या दीवारों पर कोई लेखन नहीं होना चाहिए| कमरा/परीक्षा स्थल यथासंभव शांत होना चाहिए| संगीत या टेलीविज़न जैसी ध्वनियों की अनुमति नहीं हैं|

5. आपको फॉर्मल परिधान पहन कर बैठना है एवं अनुशासित व्यवहार करना हैं|

6. समस्त परीक्षाएं बहु वैकल्पिक प्रश्न (MCQ) के आधार पर ऑनलाइन मोड़ में सम्पन्न करायी जाएगी|

7. अंतिम वर्ष के छात्रों हेतु ऑनलाइन परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्रों में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न तथा समय 90 मिनट (1 घंटा 30 मिनट ) का होगा| इसके अतिरिक्त अंतिम वर्ष को छोड़कर शेष छात्रों हेतु ऑनलाइन परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्रों में 25 बहुविकल्पीय प्रश्न तथा समय 60 मिनट (1 घंटे) का होगा |

8. प्रश्न-पत्रों में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी|

9. प्रत्येक प्रश्न का सिर्फ एक ही सही उत्तर होगा|

10. ऑनलाइन परीक्षा हेतु आपको उचित स्पीड वाला इन्टरनेट का प्रयोग करना होगा तथा समस्त परीक्षार्थियों को इन्टरनेट की एक वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करनी होगी| किसी असुविधा से बचने के लिए आवश्यक हैं कि वे उचित इन्टरनेट की व्यवस्था तैयार रखे यदि किसी छात्र का इन्टरनेट किसी कारणवश 15 मिनट या उससे ज्यादा देर तक बाधित रहता है तो इन्टरनेट सही होने पर उसे पुनः परीक्षा में शामिल होने तो दिया जायेगा, परन्तु ध्यान रहे कि ऐसी स्थिति में उसके द्वारा अभी तक अनुत्तरित प्रश्नों और उनके विकल्पों का क्रम परिवर्तित हो सकता है| इन अनुत्तरित प्रश्नों में वे प्रश्न भी हो सकते हैं जिनको छात्र ने देख कर विवेचना हेतु छोड़ रखा हैं| परीक्षा की सुचिता बनाये रखने हेतु यह निर्णय लिया गया हैं| सभी छात्रों से अनुरोध हैं कि वे इन्टरनेट की समुचित व्यस्था सुनिश्चित रखे और किसी वैकल्पिक व्यवस्था को भी तैयार रखे|

अतः सभी छात्रों को उन्हें ससमय रिजल्ट पाकर आगे बढ़ने हेतु इन परीक्षाओं में इन्टरनेट एवं पॉवर बैकअप को सुदृढ़ रखने की सलाह दी जाती हैं। छात्र/छात्रा को नियत समय पर अपना पेपर सबमिट करना होगा।

11. ऑनलाइन परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व लॉग इन करना होगा।

12. अंतिम वर्ष के छात्रों हेतु ऑनलाइन परीक्षा के दौरान 1 घंटा 45 मिनट के पश्चात प्रश्न पत्र स्वतः सबमिट (Auto Submit) का प्रावधान रहेगा इसके अतिरिक्त अंतिम वर्ष को छोड़कर शेष छात्रों हेतु ऑनलाइन परीक्षा के दौरान 1 घंटा 15 मिनट के पश्चात प्रश्न पत्र स्वतः सबमिट (Auto Submit) का प्रावधान रहेगा। इन 15 मिनटों में आपको किसी प्रश्न का उत्तर देने नहीं दिया जायेगा।

13. ऑनलाइन परीक्षा हेतु सभी छात्र/छात्राओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा जिसके लिए उसको यू-राइज पोर्टल पर उपलब्ध ईमेल/मोबाइल पर एक URL, यूजर आईडी एवं पासवर्ड दिया जायेगा जिस पर उस छात्र/छात्रा को निम्न विवरण देना होगा:-

(क) सॉफ्टवेयर द्वारा प्रत्येक छात्र/छात्रा का 4 से 5 बार फोटोग्राफ क्लिक करेगा जिसका परिषद् के अभिलेखों द्वारा मिलान कराया जायेगा उसके फोटोग्राफ को संस्था से भी वेरीफाई कराया जा सकता हैं।

(ख) छात्र/छात्रा को अपनी आई० डी० भी सबमिट करनी होगी, साथ ही उसका मोबाइल नं० एवं ईमेल आई डी भी उसे सत्यापित करना होगा।

(ग) छात्र/छात्रा को एडमिट कार्ड दिखाई देगा जिसमे यदि कोई त्रुटि होती हैं तो उसे वह वही पर दिए गए स्थान पर अवगत करा सकेगा।

(घ) इसी प्रक्रिया के दौरान छात्र/छात्रा माक टेस्ट भी दे सकेगा।

(ङ) समस्त छात्र/छात्राओं को अपना मोबाइल नंबर एवं ईमेल आई डी क्रियाशील अवस्था में अपडेट रखना होगा, ताकि ऑनलाइन परीक्षा से सम्बंधित सूचना ससमय छात्र/छात्राओं को प्राप्त हो सके।

14. समस्त छात्र/छात्राओं का पंजीकरण जिन्होंने परीक्षा आवेदन पत्र भरा हैं, निम्न समय-सारिणी के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा:-

| क्रमांक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | सेमेस्टर सिस्टम (केवल अंतिम सेमेस्टर) एवं वार्षिक परीक्षा (केवल इंडस्ट्रियल सेफ्टी पाठ्यक्रम) के समस्त छात्र/छात्राएं | 12.08.2021 से 15.08.2021 तक |
| 2 | वार्षिक परीक्षा (केवल फार्मेसी अंतिम वर्ष) एवं टूल एंड मोल्ड मेकिंग के समस्त छात्र/छात्राएं | 17.08.2021 से 20.08.2021 तक |
| 3 | सेमेस्टर सिस्टम (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) एवं वार्षिक परीक्षा (केवल फार्मेसी प्रथम वर्ष) के समस्त छात्र/छात्राएं | 21.08.2021 से 26.08.2021 तक |

P.T.O.

यह ध्यान रहे कि केवल सॉफ्टवेयर पर पंजीकृत छात्र/छात्रा ही परीक्षा में सम्मिल्लित हो पाएंगे। अतः उपरोक्त समय-सारिणी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

15. ऑनलाइन परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग करना अनिवार्य हैं। परीक्षा में प्रतिभाग न करने की स्थिति में परीक्षा परिणाम में विलम्ब, अंतिम वर्ष के छात्रों को डिप्लोमा प्राप्त करने में विलम्ब तथा गैर अंतिम वर्ष के छात्रों की आगामी सेमेस्टर का पठन-पाठन इत्यादि बाधित होगा।

16. किसी भी प्रकार की तकनिकी समस्या हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जिसपर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती हैं, हेल्प डेस्क का संपर्क सूत्र परीक्षा हेतु प्रयुक्त सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

कृपया ध्यान दे कि आप पर सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान प्रोक्टर्स द्वारा निगरानी रखी जा रही होगी एवं आपकी कोई भी गतिविधि जो परीक्षा की सुचिता को बाधित करती हैं को उस प्रोक्टर द्वारा परिषद् को सूचित कर दिया जायेगा, जिससे आप पर प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ के UFM के नियमों के तहत कार्यवाही की जा सकती हैं। अगर आपको कोई परेशानी हैं तो आप प्रॉक्टर से लिखित चैट द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

अतः आपसे अनुरोध हैं कि तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित कराने का कष्ट करें साथ ही यह सुनिश्चित हो ले कि आपकी संस्था में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओं ने उपरोक्त प्रक्रिया ससमय पूर्ण कर ली हैं।

भवदीय

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

**तद्दिनांक:** 09/08/21

**पृ०सं०:-प्राशिप/अनु०3/2021/** 3528-33
**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर-प्रदेश शासन, लखनऊ को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।